वर्ष- 02 अंक- 182
छपरा
26 मई सोमवार
2025
पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

## इसरो: पीएसएलवी-सी61 मिशन के विफल होने पर इसरो सख्त

### कारणों की जांच के लिए राष्ट्रीय समिति गठित



**नई दिल्ली,एजेंसी।** पृथ्वी अवलोकन सैटेलाइट ईओएस-09 को सूर्य की समकालिक ध्रुवीय कक्षा में स्थापित करने वाले रॉकेट पीएसएलवी-सी61 के असफल होने को लेकर भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) गंभीर है। मिशन के फेल होने के कारणों की जांच के लिए इसरो ने राष्ट्रीय समिति का गठन किया है। इस समिति ने रॉकेट का ऑडिट शुरू कर दिया है। समिति पूरी रॉकेट की गहन समीक्षा के बाद रिपोर्ट सौंपेगी।

## चैरिटी कमिश्नर की वेबसाइट चालू करने के लिए कदम उठाने का आदेश



**मुंबई,एजेंसी।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने महाराष्ट्र चैरिटी कमिश्नर की वेबसाइट में गंभीर समस्याओं का संज्ञान लिया है। कोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार और कमिश्नर कार्यालय को इसे तत्काल चालू करने के लिए जरूरी कदम उठाने का निर्देश दिया है। आदेश अधिकारियों की ओर से एक-दूसरे पर आरोपों की बौछार के बीच आया। दरअसल, चैरिटी कमिश्नर कार्यालय ने दावा किया कि राज्य सरकार वेबसाइट के सुचारू संचालन के लिए मदद नहीं कर रही है, जबकि सरकार के महाराष्ट्र सूचना प्रौद्योगिकी निगम लिमिटेड (एमएएचए आईटी) ने कहा कि कमिश्नर कार्यालय ने आवश्यक विवरण नहीं दिया है।जस्टिस गिरीश कुलकर्णी और न्यायमूर्ति अद्वैत सेठना की पीठ ने इस महीने की शुरुआत में पारित आदेशों में चैरिटी कमिश्नर कार्यालय को निर्देश दिया कि वह वेबसाइट से संबंधित सभी मुद्दों को हल करने के लिए MAHA IT के साथ संपर्क करने के लिए एक अधिकारी को नियुक्त करे। कोर्ट ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि चैरिटी कमिश्नर की वेबसाइट में गंभीर समस्याएं हैं।

### मन की बात का 122वां एपिसोड:

# मोदी बोले- ऑपरेशन सिंदूर एक सैन्य मिशन नहीं, बदलते भारत की तस्वीर है

**नई दिल्ली,एजेंसी।** पीएम नरेंद्र मोदी ने आज रेडियो शो मन की बात के 122वें एपिसोड के तहत देश को संबोधित किया। एपिसोड की शुरुआत में उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक सैन्य मिशन नहीं है, ये हमारे संकल्प, साहस और बदलते भारत की तस्वीर है। इस तस्वीर ने पूरे देश को देश-भक्ति के भावों से भर दिया है, तिरंगे में रंग दिया है।

पीएम ने भारतीय सेना के पराक्रम की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि भारत की सेना ने आतंकवाद के खिलाफ कड़ा प्रहार किया। इसके साथ ही उन्होंने उन आतंकी ठिकानों की तस्वीरें भी दिखाई जिन्हें भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (PoK) में नष्ट किया था। उन्होंने बताया कि PoK में गुलपुर और अब्बास कैंप



(कोटली में) और भिंबर के बरनाला कैंप को नष्ट किया गया।

भारतीय सेना ने हर हिंदुस्तानी का सिर ऊंचा किया पीएम ने कहा कि आज पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है, संकल्पबद्ध है। आज हर भारतीय का यही संकल्प है, हमें आतंकवाद को खत्म करना ही है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमारी सेनाओं ने जो पराक्रम दिखाया है, उसने हर हिंदुस्तानी का सिर ऊंचा कर दिया है। जिस सटीकता के साथ हमारी सेनाओं ने सीमा पार के आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त किया, वो अद्भुत है। ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया-भर में आतंक के खिलाफ लड़ाई को नया विश्वास और उत्साह दिया है।

ऑपरेशन सिंदूर ने लोगों में देशभक्ति की भावना जगाई पीएम ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने देश के लोगों को इतना प्रभावित किया है कि कई परिवारों ने इसे अपने जीवन का हिस्सा बना लिया है। बिहार के कटिहार में, यूपी के कुशीनगर में, और भी कई शहरों में, उस दौरान जन्म लेने वाले बच्चों का नाम सिंदूर रखा गया है। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर सोशल मीडिया पर कविताएं लिखी जा रही थीं, संकल्प गीत गाये जा रहे थे। छोटे-छोटे बच्चे पेंटिंग्स बना रहे थे जिनमें बड़े संदेश छुपे थे। देश के कई शहरों में, गावों में, छोटे-छोटे कस्बों में, तिरंगा यात्राएं निकाली गई। हजारों लोग हाथों में तिरंगा लेकर देश की सेना, उसके प्रति वंदन-अभिनंदन करने निकल पड़े। कितने ही शहरों में सिविल डिफेंस वॉलेंटियर बनने के लिए बड़ी संख्या में युवा एकजुट हो गए, और हमने देखा, चंडीगढ़ के वीडियोज तो काफी वायरल हुए थे।

# एनडीए की बैठक: सशस्त्र बलों और पीएम मोदी की प्रशंसा में प्रस्ताव पारित

### जातिगत जनगणना के फैसले को भी सराहा गया




**नई दिल्ली,एजेंसी।** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों की रविवार को हुई बैठक में अहम प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों की वीरता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साहसी नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में जातिगत जनगणना पर चर्चा हुई। इस दौरान अगली जनगणना में जाति गणना कराने के केंद्र सरकार के फैसले की सराहना की गई।

सूत्रों के मुताबिक, शिवसेना नेता और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की ओर से पेश प्रस्ताव में कहा गया कि ऑपरेशन सिंदूर ने भारतीयों का आत्मविश्वास बढ़ाया है। इसमें पीएम मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए कहा गया कि उन्होंने हमेशा सशस्त्र बलों का समर्थन किया है। ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवादियों और उनके प्रायोजकों को करारा जवाब दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने एक दिवसीय सम्मेलन में भाग लिया। सम्मेलन में करीब 19 मुख्यमंत्री और इतने ही उपमुख्यमंत्री मौजूद थे।

कार्यक्रम का आयोजन करने वाली भाजपा ने कहा कि बैठक में जाति गणना, मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल की पहली वर्षगांठ और सुशासन के मुद्दे पर विचार-विमर्श किया गया। इस सम्मेलन में विचार-विमर्श का एक महत्वपूर्ण हिस्सा विभिन्न एनडीए राज्य सरकारों की ओर से अपनाई गई सर्वोत्तम प्रथाओं पर केंद्रित रहा। कई मुख्यमंत्रियों ने अपने राज्यों की प्रमुख योजनाओं पर प्रस्तुतियां दीं। बैठक में 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि भी दी गई।

### देश में बीते 24 घंटे में कोरोना से 2 मौतें

## 27 नए केस मिले, एक्टिव मरीज 363 हुए; स्वास्थ्य मंत्रालय ने बैठक की

**नई दिल्ली,एजेंसी।** देश में कोरोना के नए वैरिएंट से बीते 24 घंटे में 2 मरीजों की मौत हो गई है। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक- बेंगलुरु में कोरोना पीड़ित 84 साल के बुजुर्ग ने दम तोड़ दिया है। इससे पहले ठाणे में 21 साल के युवक की मौत हुई थी।

बीते दिन शनिवार को 23 नए कोरोना केस सामने आए। महाराष्ट्र के ठाणे में 8, राजस्थान-कर्नाटक में 5, उत्तराखंड-हरियाणा में 3-3, मध्य प्रदेश के इंदौर में 2 और यूपी के नोएडा में एक मामला सामने आया है। कुल एक्टिव केसों की संख्या 363 पहुंच गई है।

देशभर में बढ़ते मामलों के बीच शनिवार को केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव ने समीक्षा बैठक की। इस बैठक में इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (ICMR), स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग (DHR), डायरेक्टर जनरल हेल्थ सर्विसेज (DGHS) और नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल (NCDC) के अधिकारी शामिल हुए।

स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि कोविड के नए मामले केरल, तमिलनाडु, महाराष्ट्र और कर्नाटक जैसे राज्यों से सामने आए हैं। हालांकि, ज्यादातर केस हल्के (माइल्ड) हैं और मरीज होम आइसोलेशन में ठीक हो रहे हैं।

भारतीय SARS-CoV-2 जीनोमिक्स कंसोर्टियम (INSACOG) के मुताबिक भारत में कोविड-19 के वेरिएंट NB.1.8.1 का एक और LF.7 प्रकार के चार मामले मिले हैं। चीन और एशिया के बढ़ते मामलों



में यही वैरिएंट दिख रहा है।

WHO ने इन्हें चिंताजनक नहीं माना है, लेकिन निगरानी में रखे गए वैरिएंट के रूप में कैटेगराइज किया है। हालांकि NB.1.8.1 के A435S, V445॥, और T478I जैसे स्पाइक प्रोटीन म्यूटेशन अन्य वेरिएंट की तुलना में तेजी से फैलते हैं। इन पर कोविड के खिलाफ बनी इम्यूनिटी का भी असर नहीं होता।

भारत में JN.1 वैरिएंट सबसे आम है। टेस्टिंग में आधे से ज्यादा सैंपल में यह वैरिएंट मिलता है। इसके बाद BA.2 (26 प्रतिशत) और ओमिक्रॉन सबलाइनेज (20 प्रतिशत) वैरिएंट के मामले भी मिलते हैं।

गुजरात में 33 एक्टिव केस गुजरात अब तक कुल 40 मामले आ चुके, जिनमें 33 एक्टिव हैं। दिल्ली के हेल्थ मिनिस्टर पंकज सिंह ने बताया कि गुरुवार तक राजधानी में 23 केस दर्ज किए गए हैं। उत्तरप्रदेश के गाजियाबाद में 4 नए मरीज सामने आए। तीन मरीज को आइसोलेशन में रखा गया है, जबकि एक अस्पताल में भर्ती है। वहीं, हरियाणा में 48 घंटे में 5 मरीज मिले हैं। इनमें 2 महिलाएं शामिल हैं। इन सभी मरीजों की कोई इंटरनेशनल ट्रैवल हिस्ट्री नहीं है।

## भारत से रॉकेट लॉन्चर खरीदेगा इस्राइल, 150 करोड़ का ऑर्डर



**नई दिल्ली,एजेंसी।** महत्वपूर्ण रक्षा प्रणालियों के अग्रणी भारतीय निर्माता, एनआईबीई लि. को इस्राइल की विश्व प्रसिद्ध अग्रणी प्रौद्योगिकी-आधारित कंपनी से करीब 150 करोड़ रुपये का निर्यात ऑर्डर मिला है। इस ऑर्डर में 300 किलोमीटर तक की रेंज क्षमता वाले यूनिवर्सल रॉकेट लॉन्चर का निर्माण और आपूर्ति शामिल है। यह वैश्विक बाजार के लिए पहली बार भारत में निर्मित एक अत्यधिक उन्नत तकनीक है।

एनआईबीई लिमिटेड के प्रवक्ता ने कहा कि यह एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। भारत के रक्षा विनिर्माण क्षेत्र के लिए एक गौरवपूर्ण मील का पत्थर है। इस अनुबंध के साथ, हम प्रधानमंत्री के 'आत्मनिर्भर भारत' और मेक इन इंडिया के दृष्टिकोण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं, जो भारतीय धरती पर विश्व स्तरीय रक्षा तकनीक ला रहा है।

यूनिवर्सल रॉकेट लॉन्चर अपनी श्रेणी में सबसे उन्नत है और इसे वर्तमान में उपलब्ध वैश्विक विकल्पों से बेहतर प्रदर्शन करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह ऑर्डर न सिर्फ एनआईबीई लिमिटेड के अंतरराष्ट्रीय विस्तार में एक बड़ा कदम है, बल्कि आधुनिक युद्ध प्रणालियों के क्षेत्र में भारत की रणनीतिक स्थिति को भी मजबूत करता है।

### पहलगाम हमले के बाद अमरनाथ यात्रा में हाई सिक्योरिटी

# 60 किमी. के रूट पर 35 हजार जवान, 4 हजार कैमरे लगाए; 4 लाख श्रद्धालुओं ने रजिस्ट्रेशन करवाया

**पहलगाम,एजेंसी।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद इस साल अमरनाथ यात्रा अपने इतिहास की सबसे कड़ी हाई सिक्योरिटी में होने जा रही है। सीनियर पुलिस अधिकारी ने बताया- 2024 में जहां कुल 40 हजार जवान तैनात थे। वहीं इस बार 35 हजार जवानों की तैनाती 60किमी वाले दोनों यात्रा रूट पर ही रहेगी।

इसके अलावा, जम्मू से पवित्र गुफा तक की सुरक्षा 1 लाख जवान संभालेंगे। दोनों रूट हाई रेजोल्यूशन और फेस रिकग्निशन टेक्नोलॉजी वाले 4 हजार सीसीटीवी कैमरों से लैस रहेंगे। इन्हें 6 कंट्रोल रूम से जोड़ा जाएगा। बंकर भी बनाए जा रहे हैं।

जम्मू से पवित्र गुफा तक दो यात्रा रूट हैं। पहला- 14 किमी लंबा बालटाल रूट, जो बेस कैंप से गुफा तक 14 किमी लंबा है। दूसरा- पहलगाम रूट जो बेसकैंप





से गुफा तक 46 किमी लंबा है। 3 जुलाई से शुरू होने वाली इस तीर्थयात्रा के लिए देशभर से 4 लाख से अधिक श्रद्धालु रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं।

46 किमी के पहलगाम रूट पर भारी सुरक्षा श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड के अधिकारी कई विभागों के साथ पहलगाम और बालटाल के दोनों मार्गों पर ट्रैक को साफ करने और सुविधाओं को लेकर काम कर रहे हैं। बालटाल मार्ग से बालटाल, नीलग्रथ डोमेल, ब्रारी मार्ग, संगम, लोअर गुफा और पवित्र गुफा पर शिविर स्थापित किए जा रहे हैं। पहलगाम मार्ग से नंदीवान, चंदनवाड़ी, पिसु टॉप, शेषनाग और पंचतरणी पर भी कैंप बन रहे है। बालटाल और नंदीवान बेस कैंप में दो नए यात्री भवन का निर्माण शामिल है। श्रीनगर के पंथाचौक स्थित 6 मंजिला यात्री निवास की दो और मंजिलें इस साल शुरू होने वाली हैं। इसकी क्षमता 1,000 लोगों की है। स्वच्छता सेवाओं का काम ग्रामीण विकास विभाग सौंपा गया है। 5,000 शौचालय स्थापित किए जा रहे हैं, 2,000 कर्मचारी तैनात किए जाएंगे।

## विराट-अनुष्का ने अयोध्या में रामलला के दर्शन किए

### गर्भगृह में 10 मिनट रुके, हनुमानगढ़ी पहुंचकर लड्डू चढ़ाए; 12 दिन पहले वृंदावन गए थे



**अयोध्या,एजेंसी।** विराट कोहली और अनुष्का शर्मा रविवार सुबह अयोध्या पहुंचे। दोनों ने सुबह 7 बजे रामलला के दर्शन किए। दोनों गर्भगृह में करीब 10 मिनट रहे। हालांकि राम मंदिर में विराट-अनुष्का की तस्वीरें सामने नहीं आई हैं। मंदिर के सीओ आशुतोष तिवारी ने बताया- विराट और अनुष्का को प्रोटोकॉल के तहत अंदर ले जाया गया। वरिष्ठ पुजारी संतोष तिवारी ने रामनामी पहनाकर उनका अभिनंदन किया। रामलला के दर्शन करके दोनों करीब 8 बजे हनुमानगढ़ी पहुंचे। विराट ने सवा किलो लड्डू और फूलों की माला चढ़ाई। पुजारी ने उन्हें सफेद और लाल रंग के फूलों की दो मालाएं पहनाईं। सिर पर हाथ रखकर आशीर्वाद दिया। अनुष्का को भी पुजारी ने पीले रंग की दो मालाएं पहनाकर आशीर्वाद दिया। इसके बाद महंत ने दोनों को शॉल ओढ़ाई। विराट ने अनुष्का का हाथ पकड़कर मंदिर की परिक्रमा भी की। दोनों वहां करीब 20 मिनट रुके।

# गोवा-महाराष्ट्र में सात दिन तक भारी वर्षा का अलर्ट

### दिल्ली-हरियाणा में तेज हवाओं के साथ बारिश





**नई दिल्ली,एजेंसी।** दक्षिण पश्चिम मानसून देश में दस्तक दे चुका है। 16 साल के बाद समय से पहले आए मानसून और मौसम में बदलाव का असर ये हुआ कि दिल्ली-NCR, हरियाणा और मुंबई के कई इलाके बारिश से सराबोर हो गए। मौसम विभाग (IMD) से जारी अलर्ट के मुताबिक कोंकण, गोवा और महाराष्ट्र में अगले सात दिन तक भारी वर्षा हो सकती है। दिल्ली और आसपास के इलाकों में शनिवार-रविवार की दरम्यानी रात तेज आंधी चली और मूसलाधार बारिश हुई, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। मौसम विभाग ने पहले ही तेज हवाओं और तूफान को लेकर रेड अलर्ट जारी किया था। कई इलाकों में पेड़ गिरने और बिजली कटौती की खबरें भी आईं।

मानसून 2025 में आठ दिन पहले आया है। केरल में झमाझम बारिश हुई है। मानसून की पहली झमाझम के साथ ही मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक केरल के कई जिलों के लिए रेड और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा कई तटीय राज्यों में अगले एक हफ्ते तक भारी बारिश होने का अलर्ट जारी किया गया है। दिल्ली में मानसून 23 से 27 जून के बीच पहुंचेगा। बारिश के बावजूद पंजाब में रविवार से सात दिनों के लिए हीट वेव का अलर्ट जारी किया गया है। मानसून की दस्तक के बावजूद मौसम विभाग ने कहा है कि फिलहाल उत्तर और पश्चिमी भारत में गर्मी से ज्यादा राहत के आसार नहीं हैं।

**40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा के साथ भारी बारिश के आसार** :मौसम विभाग ने अगले सात दिनों के दौरान पश्चिमी तट केरल, कर्नाटक, तटीय महाराष्ट्र और गोवा में भारी से बहुत भारी बारिश का अनुमान जताया है। इस दौरान गरज-बिजली के साथ 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं भी चल सकती हैं। आईएमडी के मुताबिक, दो-तीन दिन में मानसून गोवा, महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों, आंध्र, पूर्वोत्तर राज्यों, पश्चिम बंगाल और कर्नाटक और तमिलनाडु के शेष हिस्सों में पहुंच सकता है। लगातार दूसरे साल 2025 में भी औसत से अधिक मानसूनी बारिश का अनुमान है।

दक्षिण-पश्चिम मानसून के 16 साल बाद हुए जल्द आगमन से दिल्ली में इसके 23-27 जून तक पहुंचने की उम्मीद है। दिल्ली में मानसून आमतौर पर 25 जून के आसपास पहुंचता है। हालांकि मौसम की अनिश्चितताओं को देखते हुए मौसम विभाग ने कोई तारीख नहीं बताई है। यहां 25 से 30 मई तक प्री मानसूनी बारिश की संभावना जताई है। राजस्थान में 27 मई तक लू से लेकर भीषण लू की स्थिति रहने का अनुमान है। वहीं, पंजाब, हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में भी अगले दो दिन लू सताएगी। मानसून के यूपी में तीन-चार दिन पहले पहुंचने की संभावना है।

## प्री मानसून बारिश से महाराष्ट्र में हजारों एकड़ प्याज की फसल बर्बाद, किसानों को भारी नुकसान

**मुंबई,एजेंसी।** महाराष्ट्र में प्री मानूसन बारिश ने प्याज किसानों की मुसीबत बढ़ा दी है। बारिश के चलते प्याज उत्पादक आठ राज्यों में हजारों एकड़ फसल बर्बाद हो गई। इसके चलते किसानों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा। महाराष्ट्र राज्य प्याज उत्पादक किसान संघ के संस्थापक अध्यक्ष भारत दिघोल्ड ने बताया कि बारिश के कारण हजारों एकड़ में प्याज की फसल बर्बाद हो गई है। बारिश जारी है। ऐसे में नुकसान का आकलन नहीं हो सका है। उन्होंने कहा कि धुले, नासिक, अहिल्यानगर, छत्रपति संभाजीनगर, पुणे, सोलापुर, बीड, धाराशिव, अकोला, जालना, बुलढाणा और जलगांव जैसे प्याज उत्पादक जिलों में बेमौसम बारिश हुई है। प्याज की कीमतें पहले से ही नीचे थीं और बेमौसम बारिश के कारण और गिर गई हैं। उन्होंने कहा कि लासलगांव बाजार में 20 मई तक औसत कीमत 1,150 रुपये प्रति क्विंटल थी। उन्होंने कहा कि प्याज उत्पादक किसान रबी सीजन के लिए एक साल पहले से तैयारी शुरू कर देते हैं। नर्सरी अगस्त-सितंबर में स्थापित की जाती है और नवंबर से जनवरी तक इसकी दोबारा बोवाई होती है। इस साल जिन किसानों ने मार्च से पहले फसल काट ली है, उन्हें प्रति एकड़ अच्छी उपज मिली है। जबकि अप्रैल-मई में कटाई करने वाले किसान भाग्यशाली नहीं रहे। क्योंकि फसल को अत्यधिक गर्मी और बेमौसम बारिश का सामना करना



पड़ा है। कई किसानों के पास भंडारण की सुविधा नहीं है और जो लोग खेतों में अपनी उपज का भंडारण करते हैं, वे बारिश से सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। इन किसानों की कटी हुई फसल भीग गई। जबकि कई इलाकों में खड़ी फसलें भी नष्ट हो गई। दिघोल्ड ने कहा कि नासिक देश का सबसे बड़ा प्याज उत्पादक क्षेत्र है और 2024-25 में 2,90,136 हेक्टेयर में फसल की खेती की गई, जबकि 2023-24 में 1,67,285 हेक्टेयर और 2022-23 में 2,48,417 हेक्टेयर में फसल की खेती की गई। 2019 से केंद्र सरकार द्वारा समय-समय पर प्रतिबंध लगाए जाने के बावजूद निर्यात मजबूत रहा है और पर्याप्त राजस्व प्राप्त हुआ है। प्याज उत्पादन में महाराष्ट्र देश में अग्रणी राज्य है।

# अमनौर के मंदरौली गांव के तीन घरों में ताला तोड़कर लाखों की सम्पति चोरी, लोगों में आक्रोश

**दैनिक खोज खबर/अमनौर(सारण)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के धरहरा पंचायत स्थित मंदरौली गांव के तीन घरों में चोरों ने ताला तोड़कर लाखों की सम्पति चोरी कर फरार हो गए. चोरी की घटना शनिवार की बीते रात्रि की बतायी जा रही है. घर के लोगो ने सुबह उठने के बाद देखा रूम का दरवाजा खुला है और ताला टूटा हुआ है तो होश उड़ गये. सारा समान बिखरा हुआ देख इसकी सूचना पुलिस को दिया. सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष कुंदन कुमार दल बल के साथ मौके पर पहुँच चोरी की घटना का तहकिकात किया.परिजनों से पूछताछ के पश्चात पुलिस चोर की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दिया.चोरी की घटना मंदरौली गांव के बिनोद सिंह, कुंदन सिंह तथा नागेश्वर सिंह के घर में होने की बात बतायी जा रही है. बिनोद सिंह का घर बंद था.सभी परिजनों के साथ वे गुजरात मे रहकर ठेकेदारी करते है.इनकी बेटी की शादी23 नवम्बर को होने वाली है.सात मई को बेटी की रिंग सिरोमनि में पूरा परिवार आया हुआ था. जो 12 मई को घर बन्द कर गुजरात चले गए .चोरों ने मेन गेट का दरवाजा का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश कर गए है.तीनो रूम का ताला तोड़कर पेटी बक्सा अलमीरा अटैची को खोलकर उसमें रखा गहना नगदी रुपया चोरी कर लिया गया है.बिनोद सिंह ने बताया कि बेटी की शादी के लिए गहना खरीद कर रखे थे.सोना के तीन सिकड़ी दो हार नौ अंगूठी तीन जोड़ी पायल चार जोड़ी बिछिया 30 चांदी के सिक्का चोरी होने की बात बताई.उन्होंने 15 लाख की समाप्ति चोरी होने की बात कही है. वही कुंदन सिंह के घर मे दो महिलाएं और बच्चे घर पर थे.सभी खाना खाकर सोए हुए थे.चोर पिछ्वारे के सहारे आंगन से घर मे प्रवेश कर गए.दो रूम का ताला तोड़कर घर के पेटी बक्सा अलमीरा का ताला तोड़ तीन चार थान गहना दो से ढाई लाख रुपया बताया 18 हजार नगदी अन्य कीमती सामान लेकर फरार हो गए.घर मे किसी को भनक तक नही लगा.सुबह उठने पर समान बिखरा व ताला टूटा हुआ देख रोने बिलखने लगे.इधर नागेश्वर सिंह घर के बरामदे में सोए हुए थे.इनके पॉकेट से मात्र तीन चार सौ रुपया चोरी हुआ है.चोरी की घटना से गांव में दहशत मचा हुआ है. मालूम हो कि चार दिन पहले गोसी अमनौर में चोर तीन घरों से लाखों की संपत्ति ले उड़े थे. लोगों में चोरी की बढ़ते घटना से पुलिस प्रशासन के खिलाफ नाराजगी दिख रही है.

## धार्मिक नगरी चिरान्द में नौ दिवसीय अखंड अष्टयाम प्रारंभ

**दैनिक खोज खबर/डोरीगंज (सारण)।** धार्मिक नगरी चिरान्द के अयोध्या मंदिर में शनिवार को नौ दिवसीय रामनाम संकीर्तन प्रारंभ हुआ। अखंड अष्टयाम का प्रारंभ होने के पूर्व लक्ष्मण किलाधीश महंथ मैथिलीरमण व सीता मढी के प्रसिद्ध संत मौनी दास द्वारा दीपक प्रज्ज्वलित कर धार्मिक अनुष्ठान प्रारंभ हुआ। बातचीत के दौरान मंदिर के पुजारी ने बताया कि नौ दिवसीय अखंड राम नाम संकीर्तन की पुरनाहुति 2जून को होगी इस दौरान अयोध्या, चित्रकूट, वाराणसी, सीतामढ़ी से संतो आना जारी है। इस अनुष्ठान में अयोध्या हनुमत निवास के पीठाधीश्वर मिथिलेश नंदनी शरण की भी प्रवचन होगा।

## पत्रकार एकता संघ द्वारा बैठक आयोजित, संगठन को मजबूत करने पर हुई चर्चा



**दैनिक खोज खबर/मसौढ़ी (पटना)।** आईरा (ऑल इंडिया रिपोर्टर्स एसोसिएशन) संबद्ध अनुमंडल पत्रकार संघ मसौढ़ी की बैठक हुई। रविवार को नगर मुख्यालय स्थित वीर कुंवर सिंह कॉलोनी में संघ के सचिव सूर्यकांत कुमार के आवास पर की गई. जिसमें अनुमंडल पत्रकार संघ के कई पदाधिकारी व सदस्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय ने की, बैठक में मौजूद संघ के लोगों ने अपनी अपनी समस्याओं से सभी को अवगत कराया।बैठक में संगठन को और कैसे मजबूत किया जाए.इस मामले पर विशेष रूप से चर्चा की गयी. साथ ही बैठक के दौरान पत्रकारों की समस्यायों पर भी चर्चा की गयी. न्यूज़ कवरेज के दौरान उन्हें किस तरह की कठिनाईयां आती है. इस मुद्दे को मुख्य रूप से चर्चा में शामिल किया. वही बैठक में पत्रकारों की एकता पर बल दिया गया और संघ में दो नए सदस्य चंदन कुमार व राजकुमार तिवारी ने संघ का सदस्यता ग्रहण की।इस बैठक में शशि कुमार निर्मल डॉ अरविंद कुमार चंद्रवंशी, भोला पांडेय, लवकुश पांडेय, मनोज कुमार सिंह, उदय कुमार, निरंजन पांडेय सहित अन्य पत्रकार साथी मौजूद रहे।

## सड़क हादसे में वृद्ध की मौत

**मसौढ़ी(पटना) ।** पटना डोभी एनएच 22 स्थित नदौल में शनिवार की रात सड़क हादसे में एक वृद्ध की मौत हो गई। मामला मसौढ़ी थाना क्षेत्र के पटना गया एनएच 22 स्थित नदौल गांव के समीप की है।मृतक की पहचान नदौल गांव निवासी 60 वर्षीय श्रवण शर्मा के रूप में की गई है।घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि शनिवार की रात में रोड पर कर रहे थे,इसी दौरान अज्ञात वाहन कुचलते हुए फरार हो गया।काफी देर तक जब वह घर नहीं लौटे तो परिवार वाले घर से बाहर निकले तब देखा कि वह सड़क किनारे खून से लथपथ पड़े हुए हैं। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कराया गया।जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।मौत की पुष्टि के उपरांत परिजनों में कोहराम मच गया।परिवार वालों के चित्कार से अस्पताल परिसर गमगीन हो गया।

## भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक संपन्न

**दैनिक खोज खबर/मशरक(सारण)।** मशरक दक्षिणी मंडल कार्यसमिति के बैठक मशरक के ऋषभ रेस्टोरेंट के सभागार में आयोजित की गयी। बैठक में प्रभारी भाजपा जिला मंत्री कुंवर सोनू सिंह मौजूद रहें वहीं बैठक की अध्यक्षता मशरक दक्षिणी के मंडल अध्यक्ष दुर्गेश कुमार गुप्ता ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दिन दयाल उपाध्याय,भारत माता तथा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर मुख्य रूप से जिला भाजपा उपाध्यक्ष त्रिभुवन तिवारी, भाजपा के युवा नेता अजीत सिंह, जिला मंत्री बीरबल प्रसाद कुशवाहा, मंडल उपाध्यक्ष विनय कुमार सिंह,श्याम बिहारी सिंह, मनोज सिंह, कांति देवी, गायत्री देवी, अनूप सिंह, बसंत सिंह, मुसाफिर सिंह, विपिन बिहारी सिंह, अनिल कुमार पांडे, कृष्णा तिवारी, अमित ओझा एवं अन्य सभी कार्यकर्ता मौजूद रहे। जिला मंत्री सह प्रभारी कुँवर सोनू सिंह ने संबोधन करते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव 2025 को देखते हुए सभी बूथ अध्यक्षों को मज़बूत करने की जरुरत है। बैठक के दौरान पार्टी संगठन विस्तार व बूथ स्तर पर पार्टी की मजबूती को लेकर आवश्यक विचार विमर्श किये गये। मौके पर पार्टी नेताओं ने नरेंद्र मोदी सरकार के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने की बात कही। साथ ही अधिकाधिक संख्या में युवाओं को पार्टी से जोड़ने की बात कही. उन्होंने बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में सारण के सभी विधानसभा क्षेत्र से एनडीए गठबंधन का परचम लहराने की बात कही।

## सोनपुर - श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ संपन्न

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर प्रखंड के अंतर्गत सबलपुर उत्तरी पंचायत में विगत सात दिनों से चल रहे श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर बनारस से पधारे प्रवचन कर्ता देव प्रिया के द्वारा कहीं गयी भागवत कथा को शांतिपूर्वक प्रवचन को सुनकर अपने को धन्य समझते हुए गलत न करने का संकल्प लिया और धर्म के प्रति जागरूक हुआ। यज्ञ कर्ता जयराम राय ने अपने पिता स्वर्गीय बनारसी राय की प्रतिमा घर के दरवाज़े के पास स्थापित कर लोगों को यह संदेश दिया कि इस पृथ्वी पर माता-पिता ही सर्वप्रिय है। कथा समारोह का औपचारिक समापन के पश्चात पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर कथावचिका देव प्रिया ने कहीं कि धार्मिक यज्ञ एवं कथा से समाज में आपसी सद्भाव एवं भाईचारा कायम होती है। श्रीमद भगवद कथा के श्रवण करने वाले व्यक्ति का जीवन धन्य हो जाता है। कथा मानव के जीवन के लिए काफी उपयोगी है। कथा के सुनने मात्र से ही मानवजीवन का कल्याण हो जाता है। कलयुग में श्रीमद भगवद कथा व्यक्ति के जीवन के लिए काफी महत्वपूर्ण है।

## बुजुर्ग हमारी पूंजी हैं, सम्मान समारोह में बुजुर्गो को किया गया सम्मानित

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक प्रखंड के सोनौली पंचायत के गोढ़ना अवस्थित जनता उच्च विद्यालय सह इंटर कालेज के परिसर में रविवार की दोपहर बुजुर्ग सम्मान समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम का आयोजन सामाजिक उत्थान समिति के तरफ से आयोजित किया गया था जिसकी अध्यक्षता महेश्वर सिंह ने किया वहीं मंच संचालन चन्द्रशेखर सिंह और सुनील सिंह ने किया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षा सचिव पटना अनिल कुमार सिंह और थानाध्यक्ष रणधीर कुमार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत कराई। मौके पर थानाध्यक्ष रणधीर कुमार, सोनौली मुखिया इम्तियाज खान उर्फ चुन्नू बाबू, सेमरी मुखिया प्रतिनिधि दिलीप सिंह समेत अन्य ने 3 सौ से ज्यादा बुजुर्ग को अंग वस्त्र देकर और फूल माला पहनाकर सम्मानित किया गया। सोनौली मुखिया इम्तियाज खान उर्फ चुन्नू बाबू ने कहां कि बुजुर्ग हमारी पूंजी हैं, बुजुर्गों के सम्मान से बढ़कर कोई तीर्थ और पुण्य नहीं है। थानाध्यक्ष रणधीर कुमार ने कहा कि माता-पिता की सेवा ही परमात्मा की सच्ची सेवा हैं। कुछ लोग अपने माता-पिता और वृद्धजनों को बोझ समझकर छोड़ देते हैं, जबकि उन्हें इस बात का आभास नहीं होता कि उनकी संतानें भी आने वाले समय में उनके साथ इस तरह का व्यवहार कर सकते हैं। बुजुर्गों का सम्मान व सेवा करना ईश्वर की सेवा करने के समान हैं। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों के बिना घर और गांव की समस्याओं का समाधान संभव नहीं हैं, इसलिए बुजुर्गों से मार्ग दर्शन लेना चाहिए। उन्होंने बुजुर्गों को गांव या टोले स्तर पर जन चौपाल लगानें की सुझाव दी जिसमें गाव टोले की ही बात रखने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि यदि ऐसा किया जाता है तो गांव टोले की अधिक समस्याएं खत्म हो जाएंगी जो उन तक पहुंचती है। सेमरी मुखिया प्रतिनिधि दिलीप सिंह ने कहा कि बुजुर्ग परिवार के आधार स्तंभ होते हैं। इन्हीं के अनुभव से परिवार फलता फूलता है। उन्होंने कहा कि जिस घर में वृद्धजन का सम्मान नहीं होता वहां सदैव अशांति रहती है, इसलिए उम्र के आखिरी पड़ाव पर उन्हें आपके साथ की आवश्यकता है।महेश्वर सिंह समेत अन्य ने उपस्थित बुजुर्गों के स्वस्थ्य और लंबे जीवन की कामना करते हुए कहा कि बुजुर्गों के पास लंबे अनुभव का एक खजाना होता है। समाज में हर जगह, हर घड़ी बुजुर्गों की इज्जत होनी चाहिए। समाज आगे बढ़ता है जहां बुजुर्गों का सम्मान होता है। नई पीढ़ी को ये बात समझनी चाहिए कि रिटायर लोग और अन्य बुजुर्ग समाज के ऐसे अमूल्य धरोहर हैं जो पग पग मार्गदर्शन कर सकते हैं। उनसे कुछ न कुछ सीखते रहना चाहिए। उन्होंने बुजुर्गों से भी कहा कि रिटायरमेंट के बाद वे खुद भी अपने को अप्रासंगिक न समझें। सेवानिवृत्त शिक्षक शंकर सिंह ने सम्मान समारोह के समापन पर बोलते हुए कहा कि बुजुर्गों का सम्मान परिवार का सम्मान हैं। बुजुर्ग परिवार के आधार स्तंभ होते हैं। इन्हीं के अनुभव से परिवार फलता फूलता है। उन्होंने कहा कि जिस घर में वृद्धजन का सम्मान नहीं होता वहां सदैव अशांति रहती है, इसलिए उम्र के आखिरी पड़ाव पर उन्हें आपके साथ की आवश्यकता है।

## खेल प्रतिभाओं की खोज के साथ संकुल स्तरीय त्रिदिवसीय मशाल खेलों का हुआ समापन



**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक नगर पंचायत अवस्थित यूसीआरसी सह राजकीयकृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मशरक के प्रांगण में खेल प्रतिभाओं की खोज हेतु आयोजित त्रिदिवसीय मशाल खेलों का समापन पदकों एवं प्रमाण पत्रों के वितरण के साथ हो गया।इस अवसर पर विगत तीन दिनों तक 14 एवं 16 आयु वर्गों में बालक एवं बालिकाओं हेतु विभिन्न खेल विधाएं जैसे लंबी कूद, दौड़, साइकिलिंग, क्रिकेट बॉल थ्रो, कबड्डी आदि आयोजित की गयीं, जिसमें राजकीयकृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मशरक, उत्क्रमित मध्य विद्यालय, मशरक आश्रम एवं रामदेव मध्य विद्यालय, मशरक के चयनित प्रतिभागियों ने भाग लिया एवं अपनी खेल प्रतिभा का उत्कृष्ट नमूना पेश किया। इस अवसर पर मशाल खेलों के समापन एवं पदक सह प्रमाण पत्र वितरण समारोह को संबोधित करते हुए यूसीआरसी के अध्यक्ष श्री मुकेश कुमार ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों में छिपी खेल प्रतिभाओं को खोजकर राज्य एवं राष्ट्र स्तर तक पहुंचाना एवं निखारना है वहीं यूसीआरसी के संचालक उपेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि बच्चों ने मशाल खेलों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा को नया पहचान दिया है।इस खेल प्रतियोगिता में 14 वर्ष आयु वर्ग बालक कबड्डी में रामदेव मध्य विद्यालय विजेता एवं उ.मध्य विद्यालय, मशरक आश्रम उपविजेता रहा जबकि इसी आयु वर्ग के बालिका कबड्डी में मशरक उच्च विद्यालय विजेता एवं उ.मध्य विद्यालय,आश्रम उपविजेता रह वहीं दूसरी ओर विभिन्न खेल विधाओं में भी उत्कृष्ट खिलाड़ियों का चयन हुआ, जिन्हें यूसीआरसी के अध्यक्ष, संचालक, शारीरिक शिक्षक, नामित कंप्यूटर शिक्षक सहित अन्य शिक्षकों ने पदक एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।इस कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शारीरिक शिक्षक संजय कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर नामित कंप्यूटर शिक्षक विजय कृष्ण त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

## सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में तीन छात्रों को मिली सफलता, परिजनों में खुशी

**दैनिक खोज खबर/अमनौर (सारण)।** अमनौर स्थित एक निजी स्कूल मेधा पब्लिक स्कूल के तीन छात्रों ने सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में सफलता प्राप्त किया. नौवीं कक्षा की प्रतिष्ठित सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में भाग लेने वाले तीनों होनहार छात्रों में अभिनव कुमार, गोपाल कुमार शर्मा और आयुष कुमार शर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता का परचम लहराया है. सैनिक स्कूल, अपनी कठोर अनुशासन प्रणाली, अकादमिक उत्कृष्टता और राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित युवा नेतृत्व तैयार करने के लिए जाने जाते हैं. इन तीनों छात्रों का चयन न केवल उनके लिए और उनके परिवारों के लिए एक महान उपलब्धि है, बल्कि यह अमनौर और पूरे विद्यालय परिवार के लिए भी अत्यंत गर्व का विषय है. इस उपलब्धि पर मेधा पब्लिक स्कूल के निदेशक सुजय शर्मा ने अपनी अपार खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि हमें अभिनव, गोपाल और आयुष की इस शत-प्रतिशत सफलता पर गर्व है. यह उनकी असाधारण प्रतिभा, अटूट दृढ़ संकल्प और हमारे शिक्षकों के अथक प्रयासों का परिणाम है. वहीं स्कूल के प्राचार्य आनंद कुमार ने भी छात्रों की सराहना करते हुए कहा कि इन तीनों छात्रों ने लगन और कड़ी मेहनत का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है. सैनिक स्कूल में उन्हें न केवल उच्च स्तरीय शिक्षा मिलेगी, बल्कि वे नेतृत्व, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति के गुणों से भी ओत-प्रोत होंगे.

## आज सुहागन महिलाएं करेगी वट सावित्री की पुजा

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सनातन धर्म में हर पर्व का अलग अलग महत्व व विधि विधान है। हर महिलाएं कोई पर्व अपने भाई के लिए तो कोई पति तो कोई संतान व घर में सुख शांति के लिए करती है। सुहागन महिलाएं पति की लंबी आयु, अच्छे स्वास्थ्य, सलामती, कस्टो से मुक्ति व सुख-समृद्धि के लिए सुहागिन महिलाएं वट सावित्री व्रत आज सोमवार को करेगी। इस व्रत की तैयारी को लेकर रविवार के सोनपुर के रजिस्ट्री बाजार,गोला बाजार, भरपुरा मार्केट सहित अन्य बाजारों में समाग्री के खरीदारी करने के लिए दुकानों पर भीड़ जमी रही। लोग अपने समर्थ के अनुसार से पूजन सामग्री, फल एवं कपड़े सहित अन्य सामग्री की खरीदारी की। वट सावित्री पुजन के दिन बरगद (वटवृक्ष) की पूजा करती हैं। उक्त बात के जनकारी देते हुए लोक सेवा आश्रम के संत मौनी बाबा ने बताया कि वट सावित्री व्रत हर साल ज्येष्ठ माह की अमावस्या तिथि को किया जाता है। इस साल अमावस्या तिथि 26 मई ( सोमवार ) को दोपहर 12 बजकर 11 मिनट पर प्रारंभ होगी और अमावस्या तिथि का समापन 27 मई को सुबह 08 बजकर 31 मिनट पर होगा। इस साल वट सावित्री व्रत में अमृत योग का शुभ संयोग बन रहा है, जो कि अत्यंत फलदायक माना जा रहा है। मौनी बाबा से विशेष मुलकात में बताया कि सुहागिन महिलाएं व्रत के दिन सूर्योदय से पूर्व उठकर स्नान करके स्वच्छ वस्त्र धारण करें। फिर घर में पुजा करना है या वट वृक्ष के पास करना है तो पहले पूजा के स्थान पर एक छोटा सा चौकी पर लाल कपड़ा बिछाएं। बरगद के पेड़ के डेहनी रखकर देवी सावित्री और सत्यवान की प्रतिमा रखें। अब तस्वीरों पर रोली, चंदन, अक्षत, मौसमी फल, फूल व मिठाई आदि अर्पित करें। धूप और दीपक जलाएं। अब वट की टहनी के चारों ओर कच्चा सूत लपेटें। अगर वट वृक्ष है, तो वहा विधि विधान के साथ पुजा करे और वट वृक्ष के चारों ओर कच्चा सूत लपेटें। इसके बाद सात बार परिक्रमा करें। अब वट सावित्री व्रत कथा का पाठ करें। अंत में आरती उतारें। घर के बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद लें और प्रसाद को वितरित करें। पूरे दिन व्रत करने के बाद शाम को व्रत का पारण करें। मौनी बाबा ने यह भी बताया कि देवी सावित्री ने अपने तप और पतिव्रता धर्म के पालन करते हुए यमराज को उसके मृत पति को जीवनदान देने के लिए विवश किया था। तभी से यह व्रत सुहागिनों के लिए आस्था का प्रतीक माना जाता है।

## 11 जून को बंगाली बाबा घाट पर गंगा महाआरती

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** चिरांद विकास परिषद व गंगासमग्र उत्तर बिहार ने गंगा महाआरती व गंगा बचाओ संकल्प समारोह के आयोजन के लिए परिषद के सचिव के अवासीय परिसर में बैठक की गई, जिसकी अध्यक्षता परिषद के संस्थापक सदस्य रघुनाथ सिंह ने किया। बैठक में 11 जून को बंगाली बाबा घाट पर गंगा महाआरती, गंगा बचाओ संकल्प समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया. इस बैठक में समाज और राष्ट के लिए निस्वार्थ सेवा करने वाले लोगों को चिरांद रत्न से सम्मानित करने का भी निर्णय लिया गया.

**गंगा महाआरती का आयोजन** - 11 जून को चिरांद के बंगाली बाबा घाट पर गंगा महाआरती का आयोजन किया जाएगा.

**चिरांद रत्न सम्मान** -समाज और राष्ट के लिए निस्वार्थ भाव से कार्य करने वाले लोगों को %चिरांद रत्न% से सम्मानित किया जाएगा, जिसमें चिकित्सा, पर्यावरण, शिक्षा और नारी सशक्तिकरण के क्षेत्र में कार्य करने वाले लोग शामिल होंगे।

**भागीरथ पुरस्कार** -माता गंगा को अविरल और निर्मल बनाए रखने के लिए कार्य करने वाले लोगों को भागीरथ पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

**संत-महात्माओं का शामिल होना**-वाराणसी,



चित्रकूट, इलाहाबाद, अयोध्या और हरिद्वार से संत-महात्मा इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

**उप समितियों का गठन**-समारोह के सफल आयोजन के लिए कई उप समितियों का गठन किया गया है।उक्त अवसर पर बिनोद सिंह, मोहन पासवान, राजकिशोर प्रसाद चौरसिया,जयदिनेश पाण्डेय, विजय राय, शंकर पासवान, शुशील पाण्डेय, विपिन बिहारी रमन,अमृत सागर, मुकेश कुमार सिंह, चंदन कुमार, गिरिजन माझी,भरत कुमार जजन प्रसाद यादव, राजकिशोर प्रसाद, भगवान लाल माझी,हरिमोहन कुमार, उमेश कुमार, श्रीराम तिवारी,श्रीकांत पांडेय, राशेश्वर सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

## बारात में डांस करने के लेकर दो पक्षों में विवाद, मारपीट के दौरान अगले दिन चली गोली, दो लोग हुआ घायल

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर ।** सोनपुर थाना क्षेत्र के दुधैला में रविवार दोपहर में दो पक्षों के बीच मारपीट के दौरान एक पक्ष के द्वारा गोली चला दी गयी। इस घटना के बाद घटनास्थल पर अफरा तफरी मच गई। जिसमे दो लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। परिवार के सदस्यों ने घायलों को लेकर आनंन -फानन में सोनपुर के अनुमंडलीय चिकित्सालय पहुंचा, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने उन्हें पीएमसीएच रेफर कर दिया।मिली जानकारी के अनुसार इस फायरिंग में दूधैला गांव के भदई राम के पुत्र अशोक राम को जांघ में गोली लग गयी वहां बीच बचाव करने पहुंचे चंद्रबली सिंह के पुत्र धर्मेंद्र सिंह उर्फ कल्लू को भी गोली लग गयी है। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार के रात में गांव में आई बारात में दो पक्षों के कुछ युवकों के बीच डांस करने के लेकर आपस में विवाद और मारपीट हुई थी। घटना की जानकारी मिलते ही 112 की पुलिस ने आकर मामले को शांत कराया। रविवार को रात के घटना को लेकर पंचायती हो रही थी, इसी क्रम में बात बिगड़ने और तु -तु मै- मै के बीच मारपीट में तब्दील हो गई। इसी क्रम में गांव के ही युवकों ने गोली चला दी,



जिसके कारण दो लोग घायल हो गए। गली लगने की घटना की सूचना मिलते ही सोनपुर थाना अध्यक्ष राजनंदन ने घटनास्थल पर दलबल के साथ पहुंचकर मामले की तहकीकात करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में पूछे जाने पर थाना अध्यक्ष राजनंदन ने घटना की पुष्टि को करते हुए बताया कि दो पक्षों के बीच हुई मारपीट के दौरान गोली चली, जिसमे दो लोगों को गोली लगी है। घायल का पीएमसीएच में इलाज चल रहा है। घटना स्थल के पास पुलिस बल की तैनाती की गई है। इस मामले में दो लोगों को हिरासत में भी लिया गया है।

# सोनपुट नगर पंचायत के वित्तीय वर्ष 2025-26 का 88 करोड़ 33 लाख का बजट हुआ पेश



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** विगत दिनों नगर पंचायत सोनपुर को नगर परिषद की दर्जा मिलने के बाद कार्यालय सभागार में नगर अध्यक्ष अजय शाह के अध्यक्षता में वार्ड पार्षदों व पदाधिकारियों के मौजूदगी में वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट प्रस्तुत किया गया। जिसमे उप मुख्य पार्षद समेत 9 पार्षद अनुपस्थित रहे। बजट कार्यपालक पदाधिकारी रंजीत कुमार ने बजट के सभी पहलुओं पर विस्तार से जानकारी देते हुए शनिवार को बताया कि नगर परिषद में कोई नया क्षेत्र नहीं जोड़ा गया है। वर्तमान में 21 वार्ड ही शामिल हैं। कुल क्षेत्रफल 7.73 वर्ग किलोमीटर है। जिसकी जनसंख्या 37,776 है। इस बजट में सोनपुर नगर पंचायत के द्वारा नगर के समग्र विकास में यह बजट नगर की बुनियादी संरचना, सफाई व्यवस्था, जलापूर्ति,सड़क विकास और डिजिटल सेवाओं को बनाने की दिशा में यह बजट प्रस्तुत किया गया है। इस बजट वर्ष 2025-26 में 79 करोड़ 37 लाख 81 हजार रुपए व्यय किए जाएंगे। जबकि 88 करोड़ 32 लाख 81 हजार 226 रुपए आय का अनुमान लगाया गया है।म्युनिसिपल फाइनेंस एक्सपर्ट अमित बसाक ने स्लाइड शो के माध्यम से बजट के सभी बिंदुओं को बारीकी से प्रस्तुत करते हुए जनकारी दिया कि नगर क्षेत्र के विकास पर 47.15 करोड़ रुपए खर्च होंगे। फॉगिंग, छिड़काव, स्वच्छता अभियान, छठ और दीपावली पर सफाई, पियाऊ, अलाव आदि पर 13.21 करोड़ रुपए खर्च होंगे। कचरा डंपिंग के लिए 4 करोड़ की जमीन खरीदी जाएगी। मार्केट कॉम्प्लेक्स पर 1 करोड़, पुस्तकालय निर्माण पर 50 लाख, पार्किंग विकास पर 50 करोड़, सामुदायिक भवन पर 2 करोड़, ओल्ड एज होम पर 1 करोड़, शहरी गरीबों के लिए आवास पर 1 करोड़, वेंडर जोन पर 50 लाख खर्च होंगे। 13.80 करोड़ की लागत से सभी वार्डों में पक्की सड़कें और नाले बनेंगे। पब्लिक लाइट पर 2 करोड़, जलापूर्ति और जल जीवन हरियाली पर 3.50 करोड़, सफाई उपकरण और वाहन खरीद पर 4 करोड़, ओपन जिम और पार्क विकास पर 50 लाख, घेराबंदी दीवार पर 75 लाख खर्च होंगे। शवदाह गृह पर 1 करोड़, परामर्श केंद्र पर 50 लाख, पार्क में कैफेटेरिया निर्माण पर 50 लाख, डस्टबिन खरीद पर 1 करोड़ खर्च होंगे। शहरी गरीबों के लिए आधारभूत संरचना पर 23.50 करोड़ खर्च होंगे। नगर के प्रमुख स्थानों पर 1.25 करोड़ की लागत से सीसीटीवी लगाए जाएंगे। इनका संचालन थानास्तर से होगा। सरकारी योजनाओं को हर घर तक पहुंचाने और आंतरिक राजस्व बढ़ाने के लिए घर-घर सर्वे होगा। इसमें जलापूर्ति और डोर टू डोर कचरा संग्रहण की जानकारी ली जाएगी। नगर पंचायत क्षेत्र के मकान की संपत्ति कर बिहार नगर पालिका अधिनियम की धारा 127 के अनुसार वसूल किया जाएगा जो वर्तमान में संपत्ति कर वार्षिक किराया मूल्य का 9% इस बजट में वित्तीय वर्ष के लिए 52 लाख वसूल के लिए रखा गया है। मुख्य पार्षद ने बजट प्रस्तुत के बाद कहा कि नगर के विकास और इसे सजने-संवारने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। नगर पंचायत की समस्याओं के निदान के लिए लोगो के सहयोग से हर संभव प्रयास किये जाएंगे। इस बैठक में वार्ड पार्षद में सुजाता कुमारी, स्वीटी कुमारी, राजीव किशोर गौतम, विनोद चौधरी, विभा देवी, रेणु देवी, राजीव कुमार राय, कृष्णानंद सिंह, रेखा देवी, मिली सिंह के अलावा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पदाधिकारी वंदना कुमारी, नगर प्रबंधक भगवान भुवन भास्कर, प्रधान सहायक नितेश कुमार, कार्यालय सहायक राहुल राय समेत सभी कर्मी उपस्थित थे।



## पटना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश ने बाबा महेंद्रनाथ धाम में की पूजा अर्चना

**दैनिक खोज खबर/रसूलपुर(एकमा)।** पटना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति श्री सोरेन्द्र पाण्डेय शनिवार को बाबा महेंद्रनाथ धाम पहुंचे. यहां पहुंचने के बाद उन्होंने बाबा महेंद्रनाथ मंदिर में जलाभिषेक किया व पूजा अर्चना की. पूजा अर्चना करने के पश्चात उनका काफिला रसूलपुर चट्टी पहुंचा जहां उनका स्वागत छपरा व्यवहार न्यायालय के अधिवक्ता श्री शशिभूषण त्रिपाठी एवं पटना उच्च न्यायालय के अधिवक्ता श्री पंकज तिवारी व पटना व्यवहार न्यायालय के अधिवक्ता अरविंद कुमार तिवारी के आवास पर किया गया. मौके पर डॉ अरविन्द कुमार, उपमुखिया मनोज प्रसाद सोनी उर्फ नन्हे, संतोष दुबे, नवलकिशोर सिंह उर्फ दादा जी, चन्दन मिश्रा, अजय साह, धर्मपाल पाण्डेय, अरविन्द दुबे, बंटी ओझा, ईश्वरचंद तिवारी, उमाशंकर चौबे, बुलू तिवारी, श्रीराम पाण्डेय, मुकुल सोनी, मुकेश तिवारी आर्मी, मुश्ताक हसन आर्मी उपस्थित रहे.

## दाउदपुर थाना पुलिस द्वारा आरोपी मुन्ना दुबे के बजाय उनके भाई सुधाकर दुबे के घर पर वारंट का इश्तिहार चस्पा किये जाने का एक मामला

**माँझी।** दाउदपुर थाना पुलिस द्वारा आरोपी मुन्ना दुबे के बजाय उनके भाई सुधाकर दुबे के घर पर वारंट का इश्तिहार चस्पा किये जाने का एक मामला प्रकाश में आया है। इस सम्बंध में बंगरा गाँव निवासी सुधाकर दुबे ने छपरा के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के न्यायालय में एक परिवाद दायर कर पुलिस की इस कार्रवाई को पूर्वाग्रह से प्रेरित बतलाया है तथा न्यायालय से उनके खिलाफ कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। दर्ज परिवाद में श्री दुबे ने आरोप लगाया है कि उन्होंने एक मामले में आरोपी अपने भाई प्रभाकर दुबे से सम्बंधित मकान की रजिस्ट्री दो दशक पूर्व ही अपने नाम पर करा ली है तथा इस आशय की सूचना सम्बंधित पुलिस पदाधिकारी को भी दे दी है। इसके बावजूद उन्होंने ढोल नगाड़े के साथ उनके घर पर वारंट का इश्तिहार चस्पा कर उनकी प्रतिष्ठा हनन का प्रयास किया है जबकि वे इस मामले में आरोपी नही हैं।

## ज्वेलरी दुकानदार से नकदी समेत लाखों के आभूषण की लूट

**महाराजगंज (सिवान)** थाना क्षेत्र के आकाशी मोड़-रतनपुरा गांव के बीच शनिवार की रात बाइक सवार तीन नकाबपोश बदमाशों ने हथियार का भय दिखाकर ज्वेलरी दुकानदार से दो लाख रुपये नकद एवं तीन किलो चांदी, 200 ग्राम सोना लूटकर फरार हो गए। इस दौरान बदमाशों ने दहशत फैलाने के लिए एक राउंड फायरिंग भी की। इस घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल कायम है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

बताया जाता है कि गौर निवासी प्रकाश कुमार की मांझी-बरौली मुख्य पथ स्थित आकाशी मोड़ के समीप ज्वेलरी की दुकान है। वे रात्रि करीब 9.30 बजे अपनी दुकान बंद कर बाइक से घर लौट रहे थे। वे जैसे ही आकाशी मोड़ व रतनपुरा के बीच पहुंचे एक बाइक पर सवार तीन नकाबपोश बदमाश पीछे से उन्हें ओवरटेक करते हुए उन पर जानलेवा हमला कर दिया। साथ ही उनकी बाइक में धक्का देकर गिरा दिया। इस दौरान दहशत पैदा करने के लिए बदमाशों ने एक राउंड फायरिंग भी की। इसके बाद बदमाश प्रकाश कुमार की बाइक की डिक्की में रखे दो लाख रुपये नकद, तीन किलो चांदी एवं 200 ग्राम सोना लूट कर रतनपुरा उच्च विद्यालय होते हुए अफराद मोड़ की ओर फरार हो गए। प्रकाश कुमार ने बताया कि बदमाशों में एक गोरा तथा दो सांवले थे। उन्होंने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही एसडीपीओ राकेश कुमार रंजन पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच घटना की जानकारी ली। प्रकाश कुमार ने बताया कि एक वर्ष पूर्व भी बदमाशों ने उन पर हमला किया था।

## बीए के परीक्षा फॉर्म भरने हेतु 07 जून तक खुलेगा सोनपुर पीआर कॉलेज

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर प्रखंड के एकमात्र डिग्री कॉलेज पीआर कॉलेज जो रेलवे के जमीन में अवस्थित था। जिसमें प्रखंड क्षेत्र ही नहीं अन्य प्रखंड एवं अन्य जिले के विद्यार्थी इसमें पठन-पाठन कई वर्षों से कर रहा था जहां रेलवे प्रशासन को विकास को लेकर भूमि की जरूरत पड़ गई। ऐसे में रेलवे ने अपना जमीन पर कब्जा करने हेतु सितंबर 24 से महाविद्यालय प्रशासन को खाली करने का आदेश दे रहा था,जिसके बाद 6/05/2025 को महाविद्यालय को पुलिस बल क़े सहयोग से पूरी तरह से शील कर दिया गया। कॉलेज क़े शील होने के बाद विधार्थियो के पठन पाठन एवं फॉर्म भरने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था इसके लेकर विद्यार्थियों ने छात्र संघ के नेताओं के साथ मिलकर विरोध प्रदर्शन किया और प्रशासन से मांग किया कि परीक्षा फॉर्म भरने में कठिनाई हो रही है इसके लिए कॉलेज खोलने की मांग किया। विद्यार्थियों की समस्याओं को देखते हुए कार्यपालक दंडाधिकारी सोनपुर रामजी पासवान, कॉलेज प्राचार्य उपेन्द्र कुमार सिंह, आरपीएफ के सहायक उप निरीक्षक, वरिष्ठ सेक्शन इंजीनियर (कार्य) सोनपुर की मौजूदगी में शनिवार को कॉलेज क़े मुख्य द्वारा व जरूरत मद कमरा खोल दिया गया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक यशवंत कुमार ने कहा कि विधार्थियो को कॉलेज में सत्र 2023-27 और 2024-28 के स्नातक परीक्षा फॉर्म भरने में कठिनाई हो रही थीं जहाँ प्रशासन से विद्यार्थियों ने मांग किया था कि फॉर्म भरने में हो रही कठिनाई को देखते हुए कॉलेज के मुख्य द्वार एवं अन्य कमरे को खोला जाए। इस पर प्रशासन ने पीआर कॉलेज पहुंचकर शील किये गए कॉलेज को 7 जून 2025 तक अस्थायी रूप से खोला गया है। उन्होंने कहा कि यह छात्र छात्राएं का एक छोटा सा जीत है। जब तक रेलवे प्रशासन छात्र छात्राएं के लिए दूसरे जगह पर समुचित पढ़ने की व्यवस्था या विल्डिंग दूसरे जगह उपलब्ध नहीं कराते है तब तक कॉलेज को यथावत खुला रहना चाहिए। वही छात्र नेता नुरैन ने कहा कि हम छात्र छात्राएं के भविष्य के लिए और महाविद्यालय के लिए हमेशा संघर्ष जारी रहेगा। कॉलेज खुलने की खबर से छात्र-छात्राओं में खुशी की लहर दौड़ गई। मौके पर पूर्वोत्तर रेलवे महाविद्यालय के प्रिंसिपल उपेन्द्र कुमार सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर राजकिशोर सिंह,प्रो वीरमणी राय,क्लर्क वृषण पटेल दारा जी छात्र नेता मोहम्मद नुरैन,राजीव कुमार, नितिश कुमार,मनिषा कुमारी, सपना कुमारी, रुकसाना खातुन, विभुति जी, राजनंदनी कुमारी, दीपा कुमारी उपस्थित रहीं।

## भोजपुरी साहित्य सम्मेलन के लिए मकेर में बैठक आयोजित




**दैनिकमकेर (सारण)।** रविवार को अखिल भारतीय भोजपुरी साहित्य सम्मेलन के 28 वां राष्ट्रिय अधिवेशन की तैयारी हेतु एक बैठक हुई। बैठक राजेन्द्र बिद्या मंदिर मकेर के सभागार में हुई जिसकी अध्यक्षता पूर्व जिला एवम सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार शर्मा ने किया।बैठक को संबोधित करने वालो में जिला के वरिष्ठ पत्रकार शिवनुग्रह सिंह, पूर्व प्रचार्य अम्बिका राय, एवम पंकज कुमार ने भोजपुरी को बढ़ावा देने पर जोड़ दिया गया है। भोजपुरी बोलने की प्रचलन को बढ़ावा दिया जाना चाहिए।हमे अपने बच्चों को इसके लिए प्रेरित किया जाना चाहिए साथ ही भोजपुरी भाषा की गरिमा को हिंदी सिनेमा के कलाकारों द्वारा द्विअर्थी गानों को प्रचलन को रोकने एवम इसको विरोध करने की बात हुई है। भोजपुरी गानों के कलाकारों द्वारा फूहर गीत गानों को गाया जाता है जिससे समाज मे या देश विदेश में भोजपुरी बोलने से लोग कतराते हैं। भोजपुरी को विदेशों में बढ़ावा देने एवम बोलने वालों आमंत्रित किया जायेगा। बैठक में समाज के प्रबुद्ध नागरिक, पत्रकार, शिक्षक समाज सेवी मौजूद थे। बैठक में शिक्षक प्रीतम वर्मा, शिक्षक चंदन कुमार डॉ रंजीत कुमार, संतोष कुमार सिंह, बबीता कुमारी, रेणु कुमारी, धर्मेंद्र शर्मा, रामनगीना राय, प्रवीण कुमार, कुंदन तिवारी, आतिश कुमार श्रीवास्तव, प्रदेश अध्यक्ष मुखिया महासंघ मिथलेश राय सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### सोनपुर में राजद क़े दर्जनों पंचायत अध्यक्ष हुए मनोनीत

दैनिक खोज खबर/सोनपुर। सोनपुर प्रखंड राष्ट्रीय जनता दल का संगठनात्मक चुनाव वर्ष 2025 से 2028 हेतु संबंधित दिशा-निर्देश कार्यक्रम के तहत नारायणी बैंकट हॉल गजग्राह चौक सोनपुर में पंचायत अध्यक्ष का चुनाव निर्वाचन पदाधिकारी एवं सहायक निर्वाचन पदाधिकारी के उपस्थिति में रविवार को संपन्न कराया गया।जिंसमे हासिलपुर पंचायत के मनोज प्रसाद कुशवाह, नयागांव पंचायत के सुरेश राम, रसूलपुर पंचायत के दिनेश राय,गोपालपुर पंचायत के रत्नेश कुमार राय,चतुरपुर पंचायत के प्रेम चौधरी,परमानंदपुर पंचायत के वकील राय,गोविंदचक पंचायत के मुख्तार अली, सैदपुर पंचायत के मोहन राय, कसमर पंचायत के शिव शंकर साह,खरीका पंचायत के मिथलेश चौधरी, गंगाजल पंचायत के मनोज राय,शाहपुर दियारा पंचायत के गजेंद्र राय, नजरमीरा पंचायत के राधेश्याम महतो, शिकारपुर पंचायत के दिपक कुमार महतो,कल्याणपुर पंचायत के ललन महतो,सबलपुर पश्चिमी पंचायत के प्रमोद कुमार राय, सबलपुर पूर्वी पंचायत के रामानुज राय,सबलपुर उतरी पंचायत के नूनू राय को पंचायत अध्यक्ष बनाया गया।

## राहगीर से दो लुटेरे द्वारा छीने गए कुल 1.5 लाख रूपए को सोनपुर पुलिस ने किया बरामद

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर थाना अंतर्गत दुधैला मोड़ के पास 22.5.25 को बैंक से पैसा निकाल कर आ रहे एक राहगीर से दो अज्ञात मोटरसाइकिल सवार अपराधकर्मियों के द्वारा बैग में रखा कुल 1.5 लाख रुपया झपटा मार कर फरार हो गया था। इस सबंध में पीड़ित ने सोनपुर थाना में लिखित आवेदन दिया। पुलिस ने तत्वरित करवाई करते हुए कांड संख्या 494/25 क़े तहत धारा 103(1)/238/3(5) बी0एन0एस0 दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया। तकनिकी एवं मानवीय साक्ष्यो के आधार पर अज्ञातों का 24 घंटे के अन्दर सफल उद्भेदन करते हुए, घटना में संलिप्त संदिग्ध की पहचान किया और लुटे गए राशि को बरामद किया। उक्त बात की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष राजनंदन ने रविवार को बताया कि लूट गए राशि को बरामद किया गया एवं लुटेरे के पहचान किया गया। जिसका नाम विक्की यादव पिता नंदलाल यादव घर - जुरावगंज थाना कोढा जिला कटिहार के रूप में की गई। अनुसंधान के क्रम में सोनपुर थाना के द्वारा त्वरित कार्वाई करते हुए संलिप्त आरोपी के घर से झपट्टा मार कर छीने गए कुल 1.5 लाख रूपये की बरामदगी की गई जबकि, मौके पर आरोपी को फिरार पाया गया। काण्ड में संलिप्त अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी हेतु लगातार छापामारी की जा रही है।

**बरामदगी-**

1. छीने गए कुल 1.5 लाख रूपये 7

**छापामार दल के सदस्य :-**

1. राजनन्दन, पु0नि0-सह-थानाध्यक्ष, सोनपुर थाना।
2. पु0अ0नि0 संतोष कुमार जयसवाल 7
3. स0अ0नि0 रंजित कुमार सिंह।
4. सि0- 967/ ब्रजेश कुमार।
5. चालक हवालदार सिपाही संजय पासवान 7

## गुर्दाहां मारपीट मामले में दोनों पक्षों ने मांझी थाने में दर्ज कराई दो अलग-अलग प्राथमिकी

**दैनिक खोज खबर/मांझी (सारण)।** गुरदहां कला तथा गुर्दाहां खुर्द गांव के लोगों के बीच शनिवार की रात हुई मारपीट मामले में मांझी थाने में आवेदन देकर दो अलग अलग प्राथमिकी दर्ज कराई गई हैं। गुर्दाहाँ कला निवासी राजकुमार महतो द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी में कुल छह लोगों को नामजद तथा 25- 30 अज्ञात लोगों को आरोपी बनाया गया है। दर्ज प्राथमिकी में यह कहा गया है कि एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर गुर्दाहाँ खुर्द गांव के तीन युवक पहुँचे और गाली- गलौज करने लगे। मना करने पर एक युवक ने चाकू घोंप कर अंकित कुमार नामक युवक को जख्मी कर दिया। इस दौरान बीच-बचाव करने आए गोलू कुमार,राहुल कुमार को भी लाठी- डंडे से हमला कर जख्मी कर दिया गया। उसके बाद ग्रामीणों ने जख्मी युवकों का मांझी सीएचसी में ले जाकर प्राथमिक उपचार कराया। प्राथमिक उपचार के बाद वापस घर लौटते समय फिर रास्ते में गुर्दाहां खुर्द गांव लोगों ने हमला कर अन्य चार लोगों को जख्मी कर दिया।वहीं दूसरे पक्ष के गुर्दाहां खुर्द गाँव निवासी जमीला खातून ने भी पुलिस को आवेदन देकर एक प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमें कुल सात लोगों को नामजद व 50 से 60 अज्ञात लोगों को आरोपी बनाया गया है। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि मेरे पुत्र शेराज खां व नहीद रजा बाजार करने सिरिसियां जा रहे थे। तभी रास्ते में लोगों ने गुर्दाहां कला में रोक कर शराब पीने के लिए जबरन पॉकेट में रखे 1700 रुपये निकाल लिए। पुनः आठ बजे शाम को तीन परिचित समेत 50 से 60 की संख्या में लाठी-डंडे से लैस अज्ञात लोग पहुँचे और मारपीट पर उतारू होकर सामाजिक माहौल खराब करने में लग गए। मिली जानकारी के मुताबिक दिनों पक्षों द्वारा दर्ज प्राथमिकी मामले में पुलिस ने छह लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

## देशी पिस्टल लहराते युवक का वीडियो वायरल, पुलिस ने की छापेमारी

**दैनिक खोज खबर/मांझी (सारण)।** देशी पिस्टल लहराते हुए एक युवक का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। यह वीडियो माँझी थाना क्षेत्र के घोरहट गांव स्थित शिव मंदिर के पास का बताया जा रहा है। वीडियो में देखा गया कि एक ट्रैक्टर पर साउंड बॉक्स बांधकर करीब आठ-दस युवक डांस कर रहे हैं,उसमें शामिल एक युवक हाथ में देशी पिस्टल लेकर ट्रैक्टर पर चढ़कर फायरिंग करता नजर आ रहा है।मामले की पुष्टि करते हुए माँझी के थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि शनिवार की देर रात जब वह पुलिस बल के साथ अवैध शराब कारोबारियों की धरपकड़ के लिए गश्ती पर निकले थे,तभी सरकारी मोबाइल पर यह वीडियो प्राप्त हुआ। वीडियो के सत्यापन के लिए पुलिस टीम तत्काल घोरहट गांव पहुंची,जहां ग्रामीणों की मदद से वायरल वीडियो में दिख रहे युवक की पहचान की गई।

स्थानीय चौकीदार के अनुसार,युवक का नाम चंदन कुमार यादव,पिता हरेराम यादव,निवासी घोरहट है। इसके बाद पुलिस बल ने चंदन यादव के घर पर छापेमारी की,लेकिन वह फरार मिला और घर में कोई अन्य सदस्य भी मौजूद नहीं था। आसपास के क्षेत्रों में भी पिस्टल की तलाश में छापेमारी की गई,मगर कोई सफलता नहीं मिली। पुलिस ने चंदन यादव के खिलाफ सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

## अमनौर के रायपुरा में भाजपा कार्यसमिति की बैठक संपन्न

दैनिक खोज खबर/भेल्दी(सारण)।अमनौर प्रखण्ड के जेएम हाईस्कूल रायपुरा के मैदान में भाजपा अमनौर दक्षिणी मंडल कार्यसमिति की बैठक संपन्न हुई।बैठक में सिन्दूर ऑपरेशन के धन्यवाद प्रस्ताव को सुनाया गया।साथ ही संगठन की मजबूती पर विस्तृत चर्चा की गई।बैठक में युवा मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता कमलेश मिश्रा,मंत्री अंकेश सक्सेना,क्षेत्रीय प्रभारी अनिल सिंह,युवा मोर्चा के जिला महामंत्री सुजीत सिंह प्रियदर्शी, जितेन्द्र कुमार साह, दीलिप ब्याहुत, मुखिया मुस्तफा अंसारी,के पी एस गुप्ता गुलाम,संजय शर्मा, मन्नू कुमार सिंह,रीतेश ब्याहुत, पूर्व मुखिया रामनाथ भगत,जितेन्द्र कुमार सिंह,लालबाबू शर्मा आदि उपस्थित थे।बैठक की अध्यक्षता नीरज कुमार व मंच संचालन जितेन्द्र कुमार सोनी ने किया।

## छात्रा के साथ हैवानियत व निर्मम हत्याकांड पर परिजनों से मिले सांसद सिग्रीवाल



**दैनिक खोज खबर/जलालपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के भटकेसरी मे शनिवार को स्कूली छात्रा के साथ हुए जघन्य अपराध व निर्मम हत्या पर मृतका के परिजनो से रविवार को महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने मुलाक़ात की और उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होने कहा कि सरकार, पार्टी और हम सब पीड़ित परिवार के साथ सदैव खड़े हैं। पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए सारण डीआईजी और एसपी से बात कर बचे हुए अपराधियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही डीएम से बात करके पीड़ित परिवार को जल्द से जल्द आर्थिक मदद देने का निर्देश दिया। साथ ही अपने पास से भी आर्थिक सहायता प्रदान की।उन्होंने बताया कि ऐसा कुकृत्य करने वालों के खिलाफ स्पीडी ट्रायल चलाकर जल्द से जल्द फांसी की सजा दिलाई जाएगी।मौके पर प्रमोद सिग्रीवाल अमरजीत सिंह दीपू चतुर्वेदी चैतन्य प्रसाद सिंह सहित दर्जनों अन्य भी उपस्थित थे।

# भाजपा ज़मीन से जुड़ी पार्टी है, कार्यकर्ता उसकी असली ताक़तः डॉ. महाचंद्र प्रसाद सिंह

## मंडल कार्यसमिति की बैठक में बोले पूर्व मंत्री; ऑपरेशन सिंदूर भारत के लिए गर्व का क्षण

**दैनिक खोज खबर/छपरा (सारण)।** बनियापुर विधानसभा अंतर्गत भाजपा के मंडल कार्यसमिति की बैठक रविवार को उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। बैठक में बतौर मुख्य वक्ता पूर्व मंत्री व भाजपा के वरीय नेता डॉ. महाचंद्र प्रसाद सिंह ने कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि भाजपा एक जीवंत राष्ट्रवादी विचारधारा है, जो ज़मीन से जुड़ी है, इसके कार्यकर्ता ही इसकी आत्मा हैं।

डॉ. सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस वक्तव्य का उल्लेख किया, जिसमें उन्होंने कहा था कि मेरे रगों में खून नहीं, गर्म सिंदूर दौड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यह पंक्ति राष्ट्रभक्ति की उस भावना को दर्शाती है, जो प्रधानमंत्री की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने याद दिलाया कि पहलगांव आतंकी हमले के बाद प्रधानमंत्री ने बिहार की धरती से आतंकियों को खत्म करने की घोषणा की थी, जिसे उन्होंने %ऑपरेशन सिंदूर% के माध्यम से पूरा कर दिखाया।

डॉ. सिंह ने %ऑपरेशन सिंदूर% की सफलता को भारत के लिए गर्व का क्षण बताते हुए कहा कि भारतीय सेना के साहस, बलिदान व रणनीतिक कौशल ने देश की संप्रभुता को और मजबूत किया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे भी अनुशासन, निष्ठा और निष्कलंक सेवा की भावना से संगठन को मजबूत करें।



कार्यसमिति बैठक के दौरान उन्होंने बनियापुर विधानसभा क्षेत्र में संगठन विस्तार की योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि हर बूथ को भाजपा का सशक्त केंद्र बनाना है। नया भारत तभी बनेगा जब हर पंचायत और हर घर तक विकास, विश्वास और देशभक्ति की लौ पहुंचेगी।आगामी बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की चर्चा करते हुए डॉ. सिंह ने कहा कि यह चुनाव केवल राजनीतिक प्रक्रिया नहीं बल्कि राज्य को सुशासन और समृद्धि की नई राह पर ले जाने का अवसर है, जिसकी तैयारी अभी से शुरू होनी चाहिए।कार्यक्रम की अध्यक्षता मध्य मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र शर्मा ने की। कार्यक्रम में महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, सारण पश्चिमी जिलाध्यक्ष बृज मोहन सिंह, चैतेंद्र नाथ सिंह, संजय मिश्रा, संजय सहाय और गायत्री देवी समेत कई प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## धर्मेंद्र हत्या मामले में पांच के विरुद्ध प्राथमिकी, एक को हिरासत में लेकर पुलिस कर रही पूछताछ

**आंदर (सिवान)** असांव थाना क्षेत्र के पिहुली गांव से बगीचे में बाइक सवार बदमाशों ने शनिवार को एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस मामले में मृतक पिहुली निवासी धर्मेंद्र सिंह की पत्नी रुचि सिंह के फर्द बयान पर पांच लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी कराई गई है। इस मामले में पुलिस एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। रुचि सिंह ने आरोप लगाया है कि पति धर्मेंद्र सिंह अपने चाचा धर्मनाथ सिंह के साथ बाइक पर सवार होकर खेत जोतवाने के लिए घर से निकले थे। इस दौरान गांव के बगीचा में गोली चलने की आवाज सुनाई दी। तभी मेरे चचेरे ससुर घर पर दौड़ते हुए आकर घटना की जानकारी दी। हम सभी दौड़े-दौड़े बगीचे में पहुंचे तो देखा कि मेरे पति धर्मेंद्र सिंह जमीन पर गिरे पड़े हैं तथा कुछ दूरी पर बदमाशों की बाइक खड़ी है। पति ने घटना को अंजाम देने वाले बदमाशों की जानकारी दी एवं कुछ देर बाद उनकी मौत हो गई। उसके बाद उन्हें इलाज के लिए दरौली अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस मामले में मृतक की पत्नी ने कांधपाकड़ निवासी मनीष सिंह, पिहुली निवासी प्रिंस सिंह, अंकित कुमार सिंह व अन्य एक व्यक्ति को आरोपित किया है। घटना के मुख्य साजिशकर्ता पिहुली निवासी ज्योतिष कुमार सिंह व अमित कुमार सिंह हैं। उन्होंने बताया कि गांव के ही विश्वमित्र शर्मा मेरे यहां गाड़ी चलाने का कार्य करता था। होली के दिन गांव के ही मनीष सिंह, प्रिंस सिंह, अंकित सिंह ने मारपीट की घटना को अंजाम दिया था। इस मामले में असांव थाना में प्राथमिक कराई गई थी। उस समय से उक्त सभी बदमाश मेरे पति को जान से मारने के फिराक में थे। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजशेखर ने बताया कि इस मामले में पांच लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी कर ली गई है।

### दो बाइकों की टक्कर में चार घायल, एक गंभीर

**एकमा (सारण)।** थाना क्षेत्र के मांझी-बरौली स्टेट हाईवे संख्या 96 पर रविवार को मुकुंदपुर गांव के पास दो बाइकों की आमने-सामने हुई। टक्कर में चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तत्काल एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉ. विवेक कुमार प्रसाद ने सभी का प्राथमिक उपचार किया। प्राथमिक इलाज के बाद चारों घायलों को बेहतर चिकित्सा के लिए छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

बताया गया कि एक बाइक पर सवार दाउदपुर थाना क्षेत्र के गोबरही गांव निवासी मुकेंद्र यादव (26) महाराजगंज की ओर जा रहे थे। वहीं दूसरी बाइक से एकमा की ओर आ रहे रसूलपुर थाना क्षेत्र के सरांव गांव निवासी पंकज कुमार (24), हीरो कुमार (23) व नीरज कुमार (22) सवार थे। इसी दौरान दोनों बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई।परिजनों ने बताया कि मुकेंद्र यादव की शादी 28 मई को तय है और वह तिलक समारोह के लिए कपड़े लाने महाराजगंज जा रहे थे। तभी यह दुर्घटना हो गई। चिकित्सक डॉ. विवेक कुमार प्रसाद ने बताया कि सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया है। लेकिन मुकेंद्र यादव की स्थिति गंभीर है।हादसे के बाद क्षेत्र में अफरातफरी मच गई और हाईवे पर कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित रहा। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रण में किया।

### राहगीर से दो लुटेरे द्वारा छीने गए कुल 1.5 लाख रूपए को सोनपुर पुलिस ने किया बरामद

**सोनपुर।** सोनपुर थाना अंतर्गत दुधैला मोड़ के पास 22.5.25 को बैंक से पैसा निकाल कर आ रहे एक राहगीर से दो अज्ञात मोटरसाइकिल सवार अपराधकर्मियों के द्वारा बैग में रखा कुल 1.5 लाख रुपया झपटा मार कर फरार हो गया था। इस सबंध में पीड़ित ने सोनपुर थाना में लिखित आवेदन दिया। पुलिस ने तत्वरित करवाई करते हुए कांड संख्या 494/25 क़े तहत धारा 103(1)/238/3(5) बी0एन0एस0 दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया । तकनिकी एवं मानवीय साक्ष्यो के आधार पर अज्ञातों का 24 घंटे के अन्दर सफल उद्भेदन करते हुए, घटना में संलिप्त संदिग्ध की पहचान किया और लुटे गए राशि को बरामद किया। उक्त बात की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष राजनंदन ने रविवार को बताया कि लूट गए राशि को बरामद किया गया एवं लुटेरे के पहचान किया गया। जिसका नाम विक्की यादव पिता नंदलाल यादव घर - जुरावगंज थाना कोढा जिला कटिहार के रूप में की गई। अनुसंधान के क्रम में सोनपुर थाना के द्वारा त्वरित कार्वाई करते हुए संलिप्त आरोपी के घर से झपट्टा मार कर छीने गए कुल 1.5 लाख रूपये की बरामदगी की गई जबकि, मौके पर आरोपी को फिरार पाया गया । काण्ड में संलिप्त अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी हेतु लगातार छापामारी की जा रही है।

## ट्रेनी सीनियर डिप्टी कलेक्टर पर यौन शोषण का आरोप

**सिवान।** समस्तीपुर के ट्रेनी सीनियर डिप्टी कलेक्टर अभिराम कुमार पर एक महिला अधिकारी ने शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण का आरोप लगाकर सिवान महिला थाना में प्राथमिकी कराई है। इसके बाद महिला थाना की पुलिस ने समस्तीपुर स्थित उनके आफिस में जाकर छापेमारी की। हालांकि वह फरार थे। मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता ने दिसंबर 2024 में अपने पोस्टिंग वाले महिला थाना में मामला दर्ज कराया था। इसमें अभिराम के परिवार के लोगों पर साजिश में शामिल होने का आरोप लगाया है। जिसके बाद से अधिकारी अभिराम कुमार फरार है। बताया जाता है कि बीपीएससी की तैयारी के दौरान कोचिंग में दोनों की मुलाकात हुई थी। दोनों ने फैसला कर लिया था कि लव मैरिज करनी है। अभिराज ने अपनी फैमिली से पीड़िता को मुलाकात भी करवाई थी। परिवार से मिलने के बाद पीड़िता शादी के लिए तैयार थी। इसी बीच अधिकारी ने कई बार शारीरिक संबंध बनाए। जब अभिराज का समस्तीपुर में सीनियर डिप्टी कलेक्टर के पद पर पदस्थापन हुआ तो उनकी बहन ने दहेज में एक करोड़ रुपया मांगा। पीड़िता नहीं मानी तो शादी तोड़ी दी। इस संबंध में एसपी अमितेश कुमार ने बताया कि नाम या पदनाम जैसी पहचान वाली यह जानकारी सार्वजनिक नहीं की जा सकती। महिला थानाध्यक्ष भारती कुमारी ने बताया कि प्राथमिकी हुई है। छापेमारी की जा रही है।

## डीएम के निर्देश पर सीएस ने जीएनएम को किया निलंबित

**सिवान।** जिलाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता के निर्देश पर सिविल सर्जन डा. श्रीनिवास प्रसाद ने सदर अस्पताल के आपातकाल की इंचार्ज सविता कुमारी एक को कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में निलंबित कर दिया है। निलंबन की कार्रवाई के बाद अस्पताल प्रशासन पर हड़कंप मच गया है। निलंबन अवधि में जीएनएम सविता कुमारी एक का मुख्यालय अनुमंडलीय अस्पताल महाराजगंज में निर्धारित किया गया है। बता दें कि बुधवार यानी 21 मई को अपराह्न चार बजकर 45 मिनट पर डीएम मुकुल कुमार गुप्ता द्वारा सदर अस्पताल का औचक निरीक्षक किया गया था। निरीक्षण के दौरान डीएम ने देखा कि आपातकालीन कक्ष में डाइक्लोफेनक इंजेक्शन पांच सिरिंज में भर कर पहले से रखा हुआ था। साथ ही बेड संख्या-17 पर मरीज के बेड के नीचे रखे बोल बाउल में आरएल का खाली बोतल रखा हुआ था। बेड के बगल में साइड लाकर नहीं था। आपातकालीन कक्ष में यत्र-तत्र गंदगी फैली हुई थी,बेडसीट भी गंदा था। नियमानुसार डस्टबीन में इस्तेमाल की गई इंजेक्शन एवं सिरिंज तथा मरीजों के इलाज में इस्तेमाल हुई पानी की बोतल नहीं रखी गई थी। यत्र-तत्र दवा, इंजेक्शन एवं अन्य उपकरण बिखरे हुए पाये गये। निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी द्वारा आपातकालीन कक्ष प्रभारी सह जीएनएम सबिता कुमारी एक को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का आदेश सिविल सर्जन को दिया था। डीएम के उक्त आदेश के आलोक में सिविल सर्जन डा. श्रीनिवास प्रसाद ने जीएनएम सबिता कुमारी एक को बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली 2005 के नियम 9 उपनियम (1) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। सीएस ने अपने आदेश में कहा है कि संदर्मित आरोपों के जांच हेतु उनके विरूद्ध विभागीय कार्वाही के संचालन हेतु अलग से पत्र निर्गत किया जाएगा।

### रेलवे ढाला का हाइट गेज ट्रेलर के धक्के से हुआ टेढ़ा

**सिवान¬** हथुआ-अमलोरी सरसर के बीच रेलवे ढाला गेट संख्या टू एसटीए के हाइट गेज को शनिवार की देर रात एक ट्रेलर वाहन ने धक्का मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। इसके बाद गेट मैन ने ट्रेलर के साथ चालक को पकड़ कर आरपीएफ को सूचना दी। सूचना पर पहुंची आरपीएफ ने चालक को गिरफ्तार कर ट्रेलर को जब्त कर लिया। वहीं आगे की कार्रवाई आरपीएफ कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की देर रात मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष वाराणसी से सूचना प्राप्त हुई कि हथुआ-अमलोरी सरसर के बीच अवस्थित गेट संख्या टू एसटीए के पूरब साइड के हाइट गेज को एक ट्रेलर वाहन के चालक द्वारा गेट पार करते पोकलेन से टच हो जाने पर हाइट गेज टेढ़ा हो गया है। सूचना पर आरपीएफ के सहायक उप निरीक्षक छोटेलाल सिंह यादव व कांस्टेबल विनोद वर्मा घटनास्थल पर पहुंचे। आन ड्यूटी गेटमैन छोटे लाल यादव द्वारा बताया गया कि उक्त गेट आवागमन के लिए खुला हुआ था,तभी हथुआ साइड से एक ट्रेलर वाहन जिस पर पोकलेन लोड था। पश्चिमी हाइट गेज को पार कर गया, परंतु पूर्वी हाइट गेज में पोकलेन से टच हो जाने से हाइट गेज टेढ़ा हो गया। इस कारण चालक सहित गाड़ी को रोककर रखा गया है। मामले में आरपीएफ इंस्पेक्टर राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि पकड़ा गया चालक हजारीबाग जिला बरही थाना क्षेत्र के बुंडू निवासी महेश यादव है। बताया कि उक्त पोकलेन को हथुआ से लेकर पटना जा रहा हूं। रास्ते में गलती से हाइट गेज से स्पर्श हो गया, जिससे हाइट गेज टेढ़ा हो गया है।

## व्यवसायी के निधन पर शोक

**महाराजगंज (सिवान)** ¬शहर के पुरानी बाजार निवासी व्यवसायी एवं नागाजी बड़ा अखाड़ा के सदस्य धर्मनाथ केसेरा (40) का निधन शनिवार की रात्रि पटना के आइजीआइएमएस में हो गई। वे कैंसर से पीड़ित थे। व्यवसायी उनके निधन की सूचना मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनके अंतिम दर्शन के लिए दरवाजे पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। उनके निधन पर सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, विधायक विजय शंकर दुबे, पूर्व विधायक हेमनारायण साह, नगर पंचायत अध्यक्ष शारदा देवी, उपाध्यक्ष गुड़िया कुमारी, भाजपा नेत्री सुप्रिया जायसवाल, पूर्व नपं उपाध्यक्ष बलिराम प्रसाद बली, रामबाबू प्रसाद, शक्ति शरण, पवन कुमार, मनोज त्यागी, चंदन कुमार आदि ने शोक व्यक्त की है।

## शिवरात्रि पर जलाभिषेक को मेंहदार में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**सिसवन (सिवान)** ¬प्रखंड के मेंहदार स्थित बाबा महेंद्रनाथ धाम मंदिर में रविवार को शिवरात्रि के अवसर पर जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान हर-हर महादेव, जय शिव के उद्घोष से वातावरण गूंज उठा। रविवार की अल सुबह से ही श्रद्धालु पूजा सामग्री के साथ मंदिर पहुंचे जलाभिषेक व पूजा अर्चना शुरू कर दिए। प्रधान पुजारी ने बताया कि दोपहर तक काफी संख्या में श्रद्धालु जलाभिषेक कर चुके थे। इस दौरान स्थानीय समेत अन्य जिले से भी श्रद्धालु पहुंचे हुए थे। वहीं मंदिर परिसर में लगी पूजा सामग्री की दुकानों पर खरीदारी के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई। इसके अलावा महादेवा शिव मंदिर, गुठनी के सोहागरा स्थित बाबा हंसनाथ मंदिर, जीरादेई के अकोल्ही स्थित अनंतधाम मंदिर समेत अन्य मंदिरों में जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई।

## इंकलाबी नौजवान सभा के सम्मेलन में 13 सदस्यीय कमेटी का गठन

**दारौंदा (सिवान)** ¬प्रखंड के डीबी में रविवार को इंकलाबी नौजवान सभा का प्रखंड सम्मेलन हुआ। इसका उद्घाटन जीरादेई के विधायक अमरजीत कुशवाहा ने किया। इस दौरान 13 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया। सूरज राम को इंकलाबी नौजवान सभा के प्रखंड अध्यक्ष और अरविंद प्रसाद को प्रखंड सचिव, दीपक शर्मा को उपाध्यक्ष बनाया गया। इसके अलावा अन्य सदस्यों का भी चयन किया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि दो करोड़ नौकरी देने की वादा कर सत्ता में आने वाली मोदी सरकार 11 साल की सत्ता के बाद नौजवानों से पकौड़ी, पान बेचना और पंचर बनाओ की अपील कर रही है। नौजवान रोजगार के लिए भटक रहे हैं। रोजगार की तलाश में अमेरिका गए नौजवानों को अपमानित करके भारत भेजा गया और केंद्र की सरकार ने एक शब्द नहीं बोली। देश के नौजवान को जाति धर्म में बाटा जा रहा है। मैं नौजवानों से अपील करता हूं कि मोदी की सत्ता से हटाना होगा।

पूर्व विधायक अमरनाथ यादव ने कहा कि बिहार में आज भी लाखों युवा बेरोजगार हैं। बिहार में एक भी फैक्ट्री नहीं लगाई गई ताकि युवाओं को रोजगार मिल सके। उन्होंने इसके विरोध में लोगों को एकजुट होने का आह्वान किया। सम्मेलन को इंकलाबी सभा जिला सचिव जयशंकर पंडित, हृदय यादव, पूर्व मुखिया धनपत यादव, कौशलेश तिवारी, उपेंद्र प्रसाद, विकास यादव, रामायण यादव ने संबोधित किया।

## घर का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

**सिवान¬**लकड़ी नवीगंज थाना क्षेत्र के पड़ौली स्थित एक बंद मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने लाखों रुपया के सामानों की चोरी कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई में जुट गई। इस मामले में मकान मालिक अनिल कुमार सिंह ने थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी कराई है। उन्होंने बताया कि रविवार की सुबह मैं दिल्ली से अपने ग्राम पड़ौली बली टोला आया। आने के बाद मैं अपने कमरें में गया तो देखा कि मेरे दोनों भाइयों के कमरों का ताला तोड़कर सारे सामानों की चोरी हो गई है। इसके बाद मैंने डायल 112 को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच कर थाना में आवेदन देने को कहा। चोरी हुए सामानों में आभूषण, पीतल का बर्तन, टीवी, नकद सहित अन्य सामान शामिल हैं।

## भाजपा मंडल कार्य समिति की बैठक में कार्यकर्ताओं का बढ़ाया मनोबल

**आंदर (सिवान)** ¬प्रखंड मुख्यालय स्थित रामजानकी मंदिर परिसर में रविवार भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक मंडल अध्यक्ष सुभाष सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन भाजपा नेता सुरेंद्र पासवान ने किया। बैठक की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित करने के उपरांत हुई। मंडल कार्य समिति की बैठक में जिला प्रवक्ता मनोज कुमार राम ने पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को अंगवस्त्र देकर सम्मानित करते हुए उनका मनोबल बढ़ाया। जितेश सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जमीन पर पहुंचाने के लिए हर जगह समान विचारधारा के लोगों की सक्रियता प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से आवश्यक है। जिला उपाध्यक्ष कुंदन सिंह ने कहा कि भाजपा जनसंघ के काल से ही काफी मजबूत है।

## राजद प्रतिनिधिमंडल ने पीड़ित परिवार से की मुलाकात

**दैनिक खोज खबर/छपरा/जलालपुर (सारण)।** जलालपुर प्रखंड के भटकेसरी गांव में 10 वर्षीय नाबालिग बच्ची के साथ गैंगरेप के बाद हत्या की घटना ने पूरे सारण जिले को झकझोर कर रख दिया है। इस जघन्य वारदात के विरोध में बिहार विधान परिषद के पूर्व प्रत्याशी सुधांशु रंजन के नेतृत्व में राजद प्रतिनिधिमंडल ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर अपनी गहरी संवेदना जताई।राजद प्रतिनिधिमंडल ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए दोषियों को अविलंब फांसी की सजा देने की मांग की। पीड़ित परिवार को राहत स्वरूप अनाज व नकद राशि भी उपलब्ध कराई गई। प्रतिनिधिमंडल ने घटनास्थल से ही वरीय पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष, बीडीओ तथा स्थानीय थानाध्यक्ष से दूरभाष पर बातचीत कर निष्पक्ष व तेज कार्रवाई की मांग की।

रिजद नेता सुधांशु रंजन ने बताया कि घटना के बाद सारण के डीआईजी नीलेश कुमार, एसएसपी डॉ कुमार आशीष व ग्रामीण एसपी शिखर चौधरी ने संयुक्त रूप से घटनास्थल का निरीक्षण किया है। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए पांचों आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। उन्होंने कहा कि सारण जिले के इस दर्दनाक कांड ने पूरे राज्य को झकझोर दिया है और यह बिहार की कानून व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। राजद नेताओं ने राज्य सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि बिहार में महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं और अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। उन्होंने इस मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में कराने और पीड़िता के परिजनों को समुचित मुआवजा देने की मांग की।प्रतिनिधिमंडल में सुधांशु रंजन के साथ जलालपुर प्रखंड राजद अध्यक्ष श्रीराम राय, वैश्य महासभा जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र साह मुखिया, व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव विष्णु गुप्ता, जितेन्द्र मांझी, विकास सिंह, मंतोष राय, दीपक कुमार सिंह, रंजन तिवारी, मोहम्मद अख्तर व आस मोहम्मद सहित कई राजद नेता शामिल थे।

### एनडीए की कोर कमिटी की हुई बैठक

**सीवान।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में रविवार को सिवान विधानसभा क्षेत्र के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के कोर कमिटी की बैठक आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राहुल तिवारी ने की। बैठक में जिलाध्यक्ष ने गठबंधन के सभी जिला अध्यक्ष को अंगवस्त्र से सम्मानित किया। बताया कि पार्टी द्वारा जिला, मंडल, पंचायत के बाद बूथ स्तर तक कमिटी सत्यापन किया जा रहा है,ताकि 2025 के चुनाव में सभी सीटों पर एनडीए प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित हो सके। जदयू जिलाध्यक्ष चंद्रकेतु सिंह ने जिला स्तरीय कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कहा कि सभी पंचायत स्तर तक संगठन का ढांचा क्रियाशील है। लोजपा रामविलास के अध्यक्ष महादेव पासवान ने कहा कि हमारी पार्टी सभी वर्ग के लोगों को जोड़ने से संबंधित कार्यक्रम संचालित कर रही है। रालोमों के अध्यक्ष अब्दुल रिजवान अंसारी ने कहा कि हमारी पार्टी के कार्यकर्ता 2025 के चुनाव में पूरी तनमय्यता के साथ चुनाव में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री नंद प्रसाद चौहान, पूर्व सांसद ओमप्रकाश यादव, जिला परिषद अध्यक्ष संगीता यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष संजय पांडेय, रालोमो महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष ई. स्मृति कुमुद, राजेश श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता, जिला मंत्री आभा देवी कुशवाहा, जदयू जिला प्रवक्ता सुनील कुमार आदि शामिल थे।

## महिला थाना में नहीं थे कोई पदाधिकारी व कर्मी, परिसर पड़ा था खाली

**सिवान।** महिला थाना में रविवार की देर शाम कोई भी पदाधिकारी या कर्मी मौजूद नहीं था। पूरा थाना परिसर खाली था। इस दौरान थाना के बाहर कई लोग अपनी-अपनी शिकायत लेकर पहुंचे थे लेकिन उनकी फरियाद को सुनने वाला कोई अधिकारी या कर्मी मौजूद नहीं था। यह नजारा रविवार की संध्या 6¬13 मिनट से करीब आधे घंटे तक देखने को मिला। इसी दौरान दैनिक जागरण के पत्रकार को देख एक व्यक्ति आया और रिपोर्टर से काम के सिलसिले में पूछताछ करने लगा। जब उससे उसके पद के बारे में पूछताछ की गई तो उसने बताया कि वह एक आम नागरिक है। अभी कोई पदाधिकारी नहीं है बाहर नंबर है उसपर काल कर लीजिए। ऐसे में यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि अगर कोई आपराधिक छवि का व्यक्ति या अपराधी किसी घटना को अंजाम दें या थाना में चोरी की घटना हो जाए तो पुलिस हाथ मलती रह जाएगी। जबकि थाना में ओडी पदाधिकारी, हेल्प डेस्क, पूछताछ काउंटर पर पदाधिकारी होना चाहिए। इसमें में से कोई भी नहीं था। यहां तक की महिला थानाध्यक्ष भी मौजूद नहीं थी।

## पैसा मांगने पर पुत्र को मारपीट कर किया जख्मी

**मढ़ौरा(सारण)।** दिया पैसा मांगने पर महिला के पुत्र के साथ मारपीट करने का एक मामला प्रकाश में आया है। घटना को लेकर हसनपुर निवासी उपेंद्र सिंह की पत्नी सीता देवी ने एक प्राथमिक की दर्ज कराई है। प्राथमिक में कहा है कि वह अपने छोटे बहनोई मढौरा खास निवासी पिंटू सिंह को 90 हजार रुपया एलआईसी के लिए दिया था। तब पिंटू सिंह ने बताया था कि 10 साल बाद या राशि1 लाख 80 हजार हो जाएगा दस साल के बाद जब उसका लड़का किशन सिंह उसके बहनोई पिंटू सिंह से रुपए मांगने गया तो वे नाराज हो गए। इसी बात को लेकर पिंटू सिंह, मलिक सिंह, संजय सिंह, सुबोध सिंह, अशोक सिंह सभी एक राय होकर उसके लड़के के साथ मारपीट की और जख्मी कर दिया। अब सभी आरोपी उसके बेटे को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।

### जमीनी विवाद में मारपीट कर किया जख्मी

**मढ़ौरा(सारण)।** थाना क्षेत्र के मुबारकपुर सुक्सेना में जमीनी विवाद को लेकर हुई एक मारपीट की घटना में एक ही व्यक्ति विजय राय जख्मी हो गया। घटना को लेकर जख्मी विजय राय ने एक प्राथमिक की दर्ज कराई है। प्राथमिकी में धर्मेंद्र राय, रंजन राय, योगेंद्र राय, शिवाजी राय, सरोज कुमार को आरोपित किया है। प्राथमिक में कहा है कि वह घर के कुछ काम से मुबारकपुर बाजार जा रहा था। तभी रास्ते में आरोपियों ने उसे घेर लिया और लाठी, लोहे के रेट से पीट कर जख्मी कर दिया। इस दौरान आरोपियों ने उसके गले से सोने का चेन और पाकेट से तीन हजार रुपया भी निकाल लिया।उसे इलाज के लिए मढ़ौरा सरकारी अस्पताल लाया गया था जहां से उसे छपरा रेफर कर दिया गया था।

